**NEWS CLIPPING:19.11.2023**

# HINDUSTAN



फरीदाबाद के जेसी बोस विश्वविद्यालय में पोर्टफोलियो प्रदर्शनी लगाई गई।

## प्रदर्शनी में छात्रों की रचनात्मकता दिखी

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रोजगार एवं प्लेसमेंट विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों को एक पोर्टफोलियो प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किया गया। विश्वविद्यालय के शाकुन्तलम हॉल में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिरिक्त जिला उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा, कुलपति प्रोफेसर एसके तोमर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:19.11.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## प्रदर्शनी में दिखा छात्रों का हुनर



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के संचार व मीडिया तकनीकी विभाग ने रोजगार व प्लेसमेंट विभाग के सहयोग से मीडिया के छात्रों के रचनात्मक कार्यों को एक पोर्टफोलियो प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किया। यूनिवर्सिटी के शाकुंतलम हॉल में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन ADC आनंद कुमार शर्मा, यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र व उद्यमी राज कुमार भाटिया, कुलपति प्रोफेसर एसके तोमर ने किया। उद्यमी राज भाटिया ने कहा कि बदलते परिदृश्य में मीडिया के छात्रों को कौशल विकास पर खासतौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कुलपति एसके तोमर ने कहा कि यूनिवर्सिटी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए लिए हरसंभव सहयोग दे रही है। विभिन्न कॉलेज व स्कूलों से 500 से अधिक छात्रों ने पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर डॉ.पवन सिंह, प्रफेसर मुनीश वशिष्ठ, प्रफेसर राजेश कुमार आहूजा, डॉ.राहुल आर्य, डॉ.तरुणा नरूला आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING:19.11.2023**

# PUNJAB KESARI

## अवसरों का लाभ उठाकर खुद को बेहतर बनाए विद्यार्थी: प्रो. तोमर

### रचनात्मकता और व्यावसायिक कौशल पर ध्यान दें मीडिया के छात्र: एडीसी

फरीदाबाद, 17 नवम्बर (सूरजमल): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा आज रोजगार एवं प्लेसमेंट विभाग के सहयोग से मीडिया के विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों को एक पोर्टफोलियो प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किया गया।

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसरों के लिए मीडिया उद्योग से जुड़े लोगों को आकर्षित करना था। विश्वविद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिरिक्त जिला उपायुक्त



*पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर, एडीसी आनंद कुमार शर्मा और उद्यमी राज भाटिया।*

आनंद कुमार शर्मा, विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं उद्यमी राज कुमार भाटिया एवं कुलपति प्रोफेसर एस.के. तोमर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो मुनीश वशिष्ठ, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. राजेश कुमार आहूजा, मीडिया एवं तकनीकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शनी में पहुंचे एडीसी आनंद कुमार शर्मा तथा उद्यमी राज भाटिया ने मीडिया के छात्रों द्वारा प्रस्तुत व्यावहारिक कार्यों का अवलोकन एवं मूल्यांकन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने विद्यार्थियों के कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। एडीसी आनंद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को रचनात्मकता एवं व्यवसायिक कौशल पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। उद्यमी राज भाटिया ने कहा कि बदलते परिदृश्य में मीडिया के विद्यार्थियों को कौशल विकास पर खासतौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ उन्हें व्यक्तित्व में सुधार करते रहना चाहिए।

कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग दे रहा है। विद्यार्थियों को इन अवसरों का लाभ उठाकर खुद को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। प्रदर्शनी में समाज कार्य में स्नातक के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई मीडिया गैलरी एवं सेल्फी पॉइंट विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विभिन्न कॉलेज एवं स्कूलों से 500 से अधिक विद्यार्थियों ने पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें एसओएस, स्कॉलर्स प्राइड, अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रतन कॉन्वेंट स्कूल, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सेकेंडरी स्कूल, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी, एसजीटी यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के मीडिया एवं तकनीकी विभाग के स्टूडियो का भी भ्रमण किया।

इसके अलावा प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा मीडिया के छात्रों के कौशल की सराहना की एवं जरूरी सुझाव भी दिए। मीडिया एवं तकनीकी विभाग के अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने बताया कि पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का उद्देश्य पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराना है। विगत तीन वर्षों से विभाग हर वर्ष इस प्रदर्शनी का आयोजन करता आ रहा है। प्रदर्शनी के संयोजक डॉ राहुल आर्य एवं डॉ तरुणा नरूला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**NEWS CLIPPING:19.11.2023**

# AAJ SAMAJ

# रचनात्मकता और व्यवसायिक कौशल पर ध्यान दें मीडिया के छात्रः एडीसी आनंद कुमार शर्मा

संदीप पराशर

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा आज रोजगार एवं प्लेसमेंट विभाग के सहयोग से मीडिया के विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों को एक पोर्टफोलियो प्रदर्शनी के रूप में प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसरों के लिए मीडिया उद्योग से जुड़े लोगों को आकर्षित करना था।

विश्वविद्यालय के शाकुन्तलम हॉल में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिरिक्त जिला उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा, विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं उद्यमी राज कुमार भाटिया एवं कुलपति प्रोफेसर एस.के. तोमर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो मुनीश वशिष्ठ, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. राजेश कुमार आहूजा, मीडिया एवं तकनीकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शनी में पहुंचे एडीसी आनंद कुमार शर्मा तथा उद्यमी राज भाटिया ने मीडिया के छात्रों द्वारा प्रस्तुत व्यावहारिक कार्यों का अवलोकन एवं मूल्यांकन किया।



पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर, एडीसी आनंद कुमार शर्मा तथा उद्यमी राज भाटिया। आज समाज

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने विद्यार्थियों के कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। एडीसी आनंद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को रचनात्मकता एवं व्यवसायिक कौशल पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया।

उद्यमी राज भाटिया ने कहा कि बदलते परिदृश्य में मीडिया के विद्यार्थियों को कौशल विकास पर खासतौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ उन्हें व्यक्तित्व में सुधार करते रहना चाहिए। कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए हरसंभव सहयोग दे रहा है। विद्यार्थियों को इन अवसरों का लाभ उठाकर खुद को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

विभिन्न कॉलेज एवं स्कूलों से 500 से अधिक विद्यार्थियों ने पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें एसओएस, स्कॉलर्स प्राइड, अशोक मेमोरियल पब्लिक स्कूल, रतन कॉन्वेंट स्कूल, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सेकेंडरी स्कूल, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी, एसजीटी यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। मीडिया एवं तकनीकी विभाग के अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने बताया कि पोर्टफोलियो प्रदर्शनी का उद्देश्य पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी के संयोजक डॉ राहुल आर्य एवं डॉ तरुणा नरूला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आगामी 10 दिसंबर तक जिला में बाल श्रम मुक्ति अभियान चलाया जाएगा : एडीसी आनंद शर्मा

संदीप पराशर



फरीदाबाद। अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा की अध्यक्षता आज शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित एडीसी कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स व बाउंडेड लेबर कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा दिनांक 20 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक पूरे देश में चाइल्ड लेबर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा। उन्होंने श्रम विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सीडब्ल्यूसी, फूड एण्ड सप्लाई विभाग, एएचटीयू सहित अन्य सभी सम्बन्धित विभागों को आदेश दिये कि 20 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक पूरे जिले में फैक्ट्रियों, होटलों, ढाबों, वर्कशॉपों, ईंट भट्ठे, क्रेशर जोन, मार्केटों में चाइल्ड लेबर रेस्क्यू अभियान चलायें तथा दोषी पाए जाने पर संस्थाओं के खिलाफ सभी विभाग अपने-अपने ... अनुसार कार्यवाही ... कार्यालय में भे... फरीदाबाद को बाल ... का संकल्प पूरा किया जा सके। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बाल ... बच्चे जिनके जरूरी ... जन्म प्रमाण पत्र, परिवार ... दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, ... नहीं है, उनके कागजात ... उपलब्ध कराने में उनका ...

9/12